दिन– शुक्रवार दिनांक– 06 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. यूजीसी ने कहा– स्नातक और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अब साल में दो बार अवसर मिलेंगे।

02. बीपीएससी की सत्तरवीं राज्य सिविल सेवा की प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन की व्यवस्था लागू नहीं होगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

03. राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर को उनके उनहत्तरवें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

04. और, बिहार होमगार्ड आज अपना अठहत्तरवां स्थापना दिवस मना रहा है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।

---

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी ने कहा है कि स्नातक और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रमों में अब साल में दो बार नामांकन के अवसर मिलेंगे। यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट में दो बार नामांकन का मौका छात्रों को मिलेगा। इसके साथ ही छात्रों को मल्टीपल इंट्री और एग्जिट का विकल्प भी होगा। उन्होंने कहा कि यूजीसी ने यूजी और पीजी डिग्री के लिए गाईड लाईन का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है, जिसमें ये प्रावधान किये गये हैं श्री कुमार ने कहा कि छात्र अब पहली बार जुलाई–अगस्त महीने में जबकि दूसरी बार जनवरी–फरवरी महीने में यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयोग प्रस्तावित ड्राफ्ट गाईडलाईन पर तेईस दिसम्बर तक लोगों से प्रतिक्रिया मांगी है। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा कि नया प्रावधान केन्द्रीय राज्य और प्रांतीय कानूनों के तहत स्थापित सभी विश्वविद्यालयों में लागू होगा।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने स्पष्ट किया है कि सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन की व्यवस्था लागू नहीं होगी। आयोग के सचिव सत्य प्रकाश शर्मा ने कहा कि कुछ लोग इस संबंध में अफवाह उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञापन में भी इस तरह की व्यवस्था का जिक्र नहीं था। श्री शर्मा ने अभ्यर्थियों से बिना किसी बहकावे में आए अपनी तैयारी पर ध्यान देने की अपील की है। इस बीच आयोग ने कहा है कि आज से परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र

डाउन लोड कर सकते हैं। परीक्षा तेरह दिसम्बर को दोपहर बारह बजे से दो बजे के बीच एक ही पाली में आयोजित की जायेगी।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्याय पालिका का आह्वान किया है कि वह सजा की बजाय न्याय पर अधिक ध्यान दें। भुवनेश्वर में नवनिर्मित न्यायालय परिसर का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति ने यह बात कही। राष्ट्रपति ने विधि समुदाय का आह्वान किया कि वे मुकदमों को बार–बार स्थगित करने से बचें क्योंकि इससे गरीबों को अकारण परेशानी होती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता ने देश में औपनिवेशिक न्यायिक प्रणाली को खत्म कर दिया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय न्यायपालिका में ब्लैक कोड सिंड्रोम के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रपति ने आम लोगों के लाभ के लिए न्यायिक आदेशों को स्थानीय भाषाओं में बनाने का भी आह्वान किया। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि चूंकि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसलिए न्यायपालिका में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़नी चाहिए। प्रकाश दास आकाशवाणी समाचार भुवनेश्वर।

———————————————————————

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने विकसित भारत क्विज चैलेंज में भाग लेने की तिथि दस दिसम्बर तक बढ़ाने की घोषणा की है। इससे पहले अंतिम तिथि पांच दिसम्बर थी। युवा, क्विज में भाग लेने के लिए माई भारत प्लेटफॉर्म पर विजिट कर सकते हैं। यह ऑनलाइन प्रतियोगिता पन्द्रह से उनतीस वर्ष की आयु के उन सभी युवाओं के लिए खुला है, जो विकसित भारत के लिए अपने विचार साझा करने को उत्सुक हैं। विजेता प्रतिभागी ग्यारह और बारह जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकसित भारत के लिए अपना दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे।

———————————————————————

प्रदेश के बारह अस्पतालों में डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड, डीएनबी की पढ़ाई होगी। तीन साल का यह कोर्स एमडी या एमएस के समतुल्य माना जाता है। स्वास्थ्य विभाग के डीएनबी प्रोग्राम के सलाहकार प्रभाकर सिन्हा ने बताया कि आठ जिला अस्पताल, दो सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और दो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डीएनबी की पढ़ाई होगी। उन्होंने बताया कि इन संस्थानों में डीएनबी की पढ़ाई का प्रस्ताव राज्य सरकार ने दिया था। इसके आधार पर नेशनल बोर्ड की ओर से निरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पढ़ाई कराने को मंजूरी दे दी गयी है।

———————————————————————

राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर को उनके उनहत्तरवें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में डॉक्टर अम्बेडकर के योगदान के लिए देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डॉक्टर अम्बेडकर एक न्यायविद, विचारक, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपना जीवन समानता की वकालत करने और जाति आधारित भेदभाव को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया। बाबासाहेब को उन्नीस सौ नब्बे में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इधर, पटना समेत प्रदेशभर में बाबासाहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम पटना उच्च न्यायालय के पास स्थित डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के पास आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाबासाहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

————————————————————————

आज बिहार होमगार्ड, गृह रक्षावाहिनी संगठन का अठहत्तरवां स्थापना दिवस है। इस मौके पर प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि बिहार की रक्षा वाहिनी, पुलिस बल और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से एक दक्ष बल के समान समाज और राष्ट्र की सेवा कर रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि गृह रक्षकों का प्रशिक्षण सेना के प्रशिक्षकों की देख–रेख में हो रहा है, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और गृह रक्षावाहिनी की महानिदेशक शोभा ओहटकर ने भी अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————

सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सीएचओ भर्ती परीक्षा में धांधली से जुड़े मामले में आर्थिक अपराध इकाई की छह अलग–अलग टीमों ने पटना और दानापुर में आठ स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान आधा दर्जन कम्प्यूटर और अन्य दस्तावेज जब्त किये गये हैं। ईओयू के सूत्रों ने बताया कि परीक्षा में धांधली के मास्टरमाइंड रवि भूषण और रवि शंकर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में आज से पुस्तक मेला शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसका उद्‌घाटन करेंगे। मेले के संयोजक अमित झा ने बताया कि मेले में लगभग सौ प्रकाशक भाग ले रहे हैं। सत्रह दिसम्बर तक चलने वाले पटना पुस्तक मेले में अनेक साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस बार

मेले का थीम है– पेड़, पानी, जिंदगी, पर्यावरण संरक्षण अभी। मेले के दौरान इस थीम पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा।

———————————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना नौ दिसम्बर को होगी। इस सीट के लिए कल सैंतालीस दशमलव पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह पिछले विधान परिषद चुनाव की तुलना में दो दशमलव तीन प्रतिशत अधिक है।

———————————————————————————

पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढोतरी हुयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि आठ दिसम्बर को राज्य के दक्षिणी हिस्सों में, जबकि नौ दिसम्बर को राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———बाईट———

इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने शीतलहर के प्रकोप से बचाव के लिए मानक संचालन प्रणाली, एसओपी जारी किया है। सभी जिलाधिकारियों को भेजे निर्देश में विभाग ने कहा है कि मौसम विभाग से समन्वय बनाकर तापमान में उतार–चढाव पर नजर रखी जाए। विभाग ने कहा है कि शीतलहर बढ़ने पर लोगों को ठंड से बचाव के लिए व्यवस्था की जाए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने भी ठंड को लेकर कई दिशा–निर्देश जारी किये हैं।

———————————————————————————

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने सरकारी योजनाओं का समुचित ढंग से प्रचार–प्रसार का निर्देश अधिकारियों को दिया है। पटना में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि सूचना और जनसम्पर्क विभाग सभी विभागों के बीच समन्वयक की भूमिका का निर्वाह करता है। साथ ही सभी विभागों के विकास कार्यो का प्रचार–प्रसार भी करता है। मंत्री ने कहा कि यह विभाग सरकार और जनता के बीच संवाद का सबसे बड़ा मंच भी है।

———————————————————————————

प्रदेश में गया, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर जिले में इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित किया जायेगा। उद्योग विभाग औद्योगिक भूमि के लिए जमीन अधिग्रहण की

प्रक्रिया शीघ्र शुरू करेगा। उद्योग निदेशक आलोक रंजन घोष ने बताया कि इन चारों जिलों में वाराणसी, कोलकाता एक्सप्रेस हाई–वे के किनारे औद्योगिक पार्क बनाये जायेंगे। इससे उन जिलों के उत्पादों को निर्यात के लिए हल्दिया या कोलकाता भेजना आसान होगा। उन्होंने बताया कि इकतीस जिलों में औद्योगिक टाउनशिप और पार्क विकसित किये जायेंगे।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ग्यारह दिसम्बर को नई दिल्ली में प्रदेश के अड़तालीस लोगों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। इसमें चौवालीस मुखिया, तीन जिला पंचायत संसाधन केंद्र, डीपीआरसी के नोडल अधिकारी और एक डीपीआरसी के बीपीएम शामिल हैं। पंचायती राज विभाग के परियोजना निदेशक आनंद शर्मा ने बताया कि पंचायत विकास सूचकांक में बेहतर अंक लाने वाले और सत्त विकास का लक्ष्य हासिल करने वालों को सम्मानित करने के लिए चुना गया है।

———————————————————————

जाने माने इतिहासकार और काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान पटना के पूर्व निदेशक डॉक्टर चितरंजन प्रसाद सिन्हा का कल निधन हो गया। वे पचासी वर्ष के थे। उनके निधन पर समाज के सभी वर्गों के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने कहा है कि शराबबंदी कानून की धारा अंठावन के तहत नकद राशि को जब्त नहीं किया जा सकता है। न्ययामूर्ति पीबी बजन्थरी और रमेश चंद मालवीय की खंडपीठ ने इस संबंध में दायर एक मामले की सुनवाई करते हुये कहा कि इस धारा में नकद राशि जब्त करने का कोई प्रावधान नहीं है। कोर्ट ने जब्त राशि वापस करने का निर्देश भी दिया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने विश्वविद्यालयों से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– पीयू–एलएनएमयू को शोध विश्वविद्यालय का दर्जा।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– महाराष्ट्र में राजग का भव्य शक्ति प्रदर्शन।

दैनिक भास्कर ने बांग्लादेश में प्रदर्शन से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है– बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमलों के गुनाहगार जमात को साध रहा पाक।

प्रभात खबर की सुर्खी है– सीट एलॉट होने के बाद भी एडमिशन नहीं लेने वाले जेईई एडवांस्ड देने के अयोग्य।

आज अखबार लिखता है– नालंदा में चार साईबर ठग, छत्तीस लाख अठहत्तर हजार रूपये के साथ गिरफ्तार।

राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– अंतरिक्ष में भारत की नई छलांग दो अंतरिक्षयान ने भरी एकसाथ उड़ान।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. यूजीसी ने कहा– स्नातक और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अब साल में दो बार अवसर मिलेंगे।

02. बीपीएससी की सत्तरवीं राज्य सिविल सेवा की प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन की व्यवस्था लागू नहीं होगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

03. राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर को उनके उनहत्तरवें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

04. और, बिहार होमगार्ड आज अपना अठहत्तरवां स्थापना दिवस मना रहा है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।